शीर्ष प्राथमिकता/विधान परिषद प्रश्न

संख्या-7/सी0क्यू0-35/30-2-2013-08(सी0क्यू)/2013

प्रेषक,

कुमार राघवेन्द्र सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 02 दिसम्बर, 2013

विषय:-विधान परिषद के तृतीय सत्र 2013 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री केदार नाथ सिंह, मा0 सदस्य द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तरालेख उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विधान परिषद के तृतीय सत्र 2013 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री केदार नाथ सिंह, मा0 सदस्य द्वारा पूछे गये तारां0 प्रश्न संख्या-12 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त तारां0 प्रश्न का उत्तरालेख अनुपूरक सामग्री सहित तीन प्रतियों में शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय

(कुमार राघवेन्द्र सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in